Chapter- 5

# लिंग

## STUDY NOTES

**विषय सारांश:**

- शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री या पुरूष होने का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।
- लिंग बदलने पर क्रिया का रूप भी बदल जाता है।
- लिंग के दो भेद हैं।




- पुरूष जाति का बोध कराने वाले शब्दों को पुल्लिंग कहते हैं।
  उदाहरण- पिता, लड़का, घोड़ा, पेड़
- स्त्री जाति का बोध करानेवाले शब्दों को स्त्रीलिंग कहते हैं।
  उदाहरण- माँ, लड़की, गाय, घोड़ी
- कुछ संज्ञा शब्द स्त्री तथा पुरूष के लिए समान रूप से प्रयोग किए जाते हैं।
  उदाहरण- प्रधानमंत्री, डॉक्टर, खिलाड़ी, मंत्री, इंजीनियर, राष्ट्रपति
- कुछ शब्द सदा पुल्लिंग होते हैं।
  उदाहरण- दिनों के नाम, महीनों, पेड़ों, राज्यों, समुद्रों, धातुओं के नाम, मच्छर, कछुआ, तेंदुआ आदि।
- कुछ शब्द सदा स्त्रीलिंग रहते हैं।
  उदाहरण- भाषाओं के नाम, नदियों के नाम, तिथियों के नाम, लिपियों के नाम, कोयल, मक्खी, छिपकली, मछली आदि।

**आइए, अब लिखें।**

१. लिंग बदलिए।

क) आचार्य - आचार्या
ख) सम्राट - सम्राज्ञी
ग) साध्वी - साधु
घ) लुहार - लुहारिन
ङ) शेर - शेरनी
च) श्रीमान - श्रीमती

२. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए।

क) हमारे शिक्षक बहुत विद्वान हैं।

उ: हमारी शिक्षिका बहुत विदुषी हैं।

ख) सुनार ने सुंदर गहने बनाए।

उ: सुनारिन ने सुंदर गहने बनाए।

ग) पिता जी को घूमना बहुत पसंद है।

उ: माता जी को घूमना बहुत पसंद है।

घ) छत पर मोर बैठा है।

उ: छत पर मोरनी बैठी है।

ङ) मेरा भाई बहुत बुद्धिमान है।

उ: मेरी बहन बहुत बुद्धिमती है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

३. निम्नलिखित शब्दों में स्त्रीलिंग शब्द के सामने 'स्त्रीलिंग' और पुल्लिंग शब्द के सामने 'पुल्लिंग' लिखिए।

क) मछली - स्त्रीलिंग
ख) कंप्यूटर - पुल्लिंग
ग) आम - पुलिंग
घ) चाय - स्त्रीलिंग
ङ) बोतल - स्त्रीलिंग
च) परदा - पुल्लिंग
छ) पर्वत - पुल्लिंग
ज) कटोरा - पुल्लिंग
झ) बारिश - स्त्रीलिंग
ञ) दिशा - स्त्रीलिंग

♦♦♦